वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय

जौनपुर, उत्तर प्रदेश

समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 11 सितम्बर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

दैनिक जागरण

inext DYNAMIC EDITION

विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव, 10 विद्यार्थियों का किया चयन

विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना पीयू की प्राथमिकता

संवाद कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधियों ने दिए टिप्स

जौनपुर (10 सितंबर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीरहन्को सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें बीसीए, एमसीए, बी.टेक सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया. चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया.

संवाद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरहन्को सॉल्यूशंस के निदेशक संयुक्त राज्य अमेरिका सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से संवाद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया. कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने पर विशेष जोर दिया. कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप उनके कौशल का विकास करने तथा उनके करियर को सही दिशा प्रदान करने पर निरंतर विशेष ध्यान दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष एवं रोजगार के लिए तैयार पेशेवर बनाना है. समापन सत्र में नीरहन्को सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं वरुण महाजन ने कहा कि पूर्वांचल के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की ओर से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा. उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी करने के महत्वपूर्ण सुझाव एवं टिप्स दिए. इस अवसर पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, नीरहन्को सॉल्यूशंस के अभिषेक खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. के.के. यादव, डॉ. अनुराग, श्याम त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे.

1. कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष एवं रोजगार के लिए तैयार पेशेवर बनाना है



फैक्ट एंड फीगर...

8 सितंबर को योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया

9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी

करियर की संभावना

प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 8 सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. इसके बाद 9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसरों एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी. इसके पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए. विस्तृत चयन प्रक्रिया एवं साक्षात्कार के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया.

आई नेक्स्ट दैनिक जागरण

प्लेसमेंट ड्राइव में 10विद्यार्थियों का चयन, रोजगार कौशल पर दिया जोर

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10विद्यार्थियों का चयन किया गया। केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ ने नीरइन्फो सॉल्यूशंस के सहयोग से बीसीए, एमसीए, बीटेक समेत तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए यह प्रक्रिया आयोजित की।



प्लेसमेंट के प्रथम चरण में आठ सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण हुआ, जिसमें 116 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अगले दिन कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार की संभावनाओं और वर्तमान उद्योग जगत की जरूरतों से अवगत कराया। इसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कंपनी के प्रतिनिधियों से विद्यार्थियों के प्रदर्शन और रोजगार बाजार की बदलती जरूरतों पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार के लिए जरूरी तकनीकी और व्यावहारिक दक्षताओं से तैयार करना है। इसके लिए कौशल विकास, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जाएगा। संवाद कार्यक्रम में नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर और प्रबंध साझेदार वरुण महाजन ने विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार की तैयारी और उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के सुझाव दिए। विद्यार्थियों ने रोजगार व करियर से जुड़े सवाल पूछे, जिनका कंपनी प्रतिनिधियों ने जवाब दिया। इस अवसर पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, अनिकेत खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. केके यादव, डॉ. अनुराग और श्याम त्रिपाठी समेत अन्य शिक्षक व सहयोगी मौजूद रहे।

जौनपुर धारा

सेमिनार

डिग्री के साथ कौशल विकास पर रहेगा जोर, चयन प्रक्रिया में 10 विद्यार्थियों को रोजगार के लिए चुना गया

उद्योग की जरूरतों के मुताबिक दक्ष होंगे पूविवि के विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ की ओर से नीरइंफो सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव और संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। चयन प्रक्रिया में 10 विद्यार्थियों को रोजगार के लिए चुना गया।



विद्यार्थियों को संबोधित करते नीरइंफो सॉल्यूशंस के निदेशक। पूविवि

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कंपनी के प्रतिनिधियों से विद्यार्थियों की तैयारियों और मौजूदा रोजगार बाजार की जरूरतों पर चर्चा की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को केवल डिग्री दिलाना ही लक्ष्य नहीं है।

शिक्षा के साथ उन्हें रोजगार के लिए आवश्यक दक्षता भी विकसित कराई जाएगी। उद्योगों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण, कौशल विकास और प्लेसमेंट गतिविधियों को और व्यापक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में उद्योगों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। कंपनी के निदेशक (संयुक्त राज्य अमेरिका) सुधांशु शेखर और प्रबंध साझेदार वरुण महाजन ने विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल की जानकारी दी।

उन्होंने संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक ज्ञान को बेहतर करने की सलाह दी। प्लेसमेंट प्रक्रिया में पहले चरण में आठ सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण कराया गया था। इसमें 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

नौ सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसर और करियर की संभावनाओं से अवगत कराया। इसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार हुआ। चयन प्रक्रिया पूरी होने पर 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

इस दौरान केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, नीरइंफो सॉल्यूशंस के अनिकेत खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. केके यादव, डॉ. अनुराग, श्याम त्रिपाठी समेत शिक्षक और सहयोगी मौजूद रहे।

अमर उजाला

रोजगार की कसौटी पर खरा उतरना पूविवि का लक्ष्य : प्रो. आरके सिंह

- प्लेसमेंट ड्राइव में 10 विद्यार्थियों को मिली सफलता, 116 ने दी योग्यता परीक्षा
- उद्योग की जरूरत समझने और उसके अनुरूप खुद को तैयार करने के दिए टिप्स

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को डिग्री के साथ रोजगार के लिए तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ की ओर से नीरइन्फो साल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीसीए, एमसीए, बीटेक समेत विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के बाद 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरइन्फो साल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं और उद्योग जगत की अपेक्षाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा



कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी बनाना नहीं, बल्कि उद्योग की जरूरतों के अनुरूप दक्ष और रोजगार के लिए तैयार पेशेवर बनाना है। इसके लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण, कौशल विकास और प्लेसमेंट गतिविधियों को और प्रभावी किया जाएगा।

उन्होंने विद्यार्थियों में संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार क्षमता, तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता, टीम भावना तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया। विस्तृत चयन प्रक्रिया के बाद 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ। समापन सत्र में कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी के टिप्स दिए और उनके प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, अनिकेत खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. केके यादव, डॉ. अनुराग, श्याम त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक रहे।

दैनिक जागरण

विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना पीयू की प्राथमिकता: प्रो. आर.के. सिंह

♦ विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव, 10 विद्यार्थियों का चयन संवाद कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधियों ने दिए टिप्स

अमर भारती ब्यूरो



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीरइन्फो सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीसीए, एमसीए, बी.टेक सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक संयुक्त राज्य अमेरिका सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से संवाद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने पर विशेष जोर दिया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप उनके कौशल का विकास करने तथा उनके करियर को सही दिशा प्रदान करने पर निरंतर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष एवं रोजगार के लिए तैयार पेशेवर बनाना है। विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण एवं नियोजन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भविष्य में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं प्लेसमेंट कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों में संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार कौशल, तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता, टीम भावना तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

समापन सत्र में नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं वरुण महाजन ने कहा कि पूर्वांचल के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की ओर से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी करने के महत्वपूर्ण सुझाव एवं टिप्स दिए।

कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया तथा रोजगार एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 8 सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद 9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसरों एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। विस्तृत चयन

अमर भारती

विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना पीयू की प्राथमिकता

बोले: प्रो. आरके सिंह

विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव 10 विद्यार्थियों का चयन

संवाद कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधियों ने दिए टिप्स

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीरइन्फो सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीसीए, एमसीए, बी.टेक सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक संयुक्त राज्य अमेरिका सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से संवाद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने पर विशेष जोर दिया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप उनके कौशल का विकास करने तथा उनके करियर को सही दिशा प्रदान करने पर निरंतर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण एवं नियोजन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में



विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर

उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं प्लेसमेंट कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों में संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार कौशल, तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता, टीम भावना तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। समापन सत्र में नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं वरुण महाजन ने कहा कि पूर्वांचल के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की ओर से विवि को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। । कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया तथा रोजगार एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 8 सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विवि के 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद 9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसरों एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। विस्तृत चयन प्रक्रिया एवं साक्षात्कार के बाद विवि के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, नीरइन्फो सॉल्यूशंस के अनिकेत खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. के.के. यादव, डॉ. अनुराग, श्याम त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

जन्संदेश टाइम्स

विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाना पीयू की प्राथमिकता

○ विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव, 10 विद्यार्थियों का चयन
○ संवाद कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधियों ने दिए टिप्स



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीरइन्फो सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें बीसीए, एमसीए, बी.टेक सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक संयुक्त राज्य अमेरिका सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से संबंद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने पर विशेष जोर दिया। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास केवल विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप उनके कौशल का विकास करने तथा उनके करियर को सही दिशा प्रदान करने पर निरंतर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष एवं रोजगार के लिए तैयार पेशेवर बनाना है। विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण एवं नियोजन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं प्लेसमेंट कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों में संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार कौशल, तकनीकी एवं व्यावहारिक दक्षता, टीम भावना तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। समापन सत्र में नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं वरुण महाजन ने कहा कि पूर्वांचल के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की ओर से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी करने के महत्वपूर्ण सुझाव एवं टिप्स दिए। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया तथा रोजगार एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 8 सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद 9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसरों एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। विस्तृत चयन प्रक्रिया एवं साक्षात्कार के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार, नीरइन्फो सॉल्यूशंस के अनिकेत खरे, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप, डॉ. के.के. यादव, डॉ. अनुराग, श्याम त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

दैनिक मान्यवर